दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी
(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार का संगठन,)
DELHI PUBLIC LIBRARY
(Ministry of Culture, Govt. of India Organization)

# प्रैस विज्ञप्ति

## दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी में "आयकर रिटर्न" पर "टॉक शो" का आयोजन

दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी ने अपने पाठकों के लिए विभिन्न विषयों पर टॉक शो आयोजित करने का निर्णय लिया है। इसी शृंखला में आज दिनांक 10-8-2018 को दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी में "आय कर रिटर्न" के बारे में जानने के लिए एक "टॉक शो" का आयोजन किया गया जिसका विषय **"Income Tex Return - How to File"** था। इस विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में सी.ए. श्रीमती कौशल प्रजापति तथा श्री विपिन आनंद को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। इस अवसर पर डॉ. रामशरण गौड़, अध्यक्ष, दिल्ली लाइब्रेरी बोर्ड, श्री महेश चंद शर्मा, पूर्व महापौर एवं दिल्ली लाइब्रेरी बोर्ड के सदस्य, डॉ. लोकेश शर्मा, महानिदेशक, दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

सर्वप्रथम डॉ. लोकेश शर्मा, महानिदेशक, दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी द्वारा डॉ. रामशरण गौड़, श्री महेश चंद शर्मा एवं मुख्य अतिथि सी.ए. श्रीमती कौशल प्रजापति तथा श्री विपिन आनंद का स्वागत उतरीय, पुस्तक एवं पुष्प गुच्छ द्वारा किया गया। यह टॉक शो दो सैशन में आयोजित किया। प्रथम सैशन में मुख्य वक्ता सी.ए. श्रीमती कौशल प्रजापति एवं श्री विपिन आनंद ने अपने वक्तव्य में सबसे पहले आय से सम्बंधित कुछ महत्वपूर्ण बातों को समझाया और इनकम टैक्स के स्लैब कौन-कौन से हैं, टैक्स क्यों दिया जाता है, टैक्स के दायरे में कौन-कौन लोग आते हैं, इन सभी बातों पर प्रकाश डाला। इंटरनेट के माध्यम से स्क्रीन पर इनकम टैक्स की साइट से कैसे रिटर्न फाइलिंग करते हैं यह भी समझाया। इसके बाद आय कर रिटर्न कैसे किया जाता है उसके लिए किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, इस बारे में भी जानकारी दी। इस कार्यक्रम में लगभग 125 श्रोता उपस्थित थे। इस सैशन में बहुत से श्रोताओं ने आयकर रिटर्न से संबंधित अपने अनेक प्रश्न पूछे एवं श्रीमती कौशल प्रजापति ने सभी श्रोताओं की समस्याओं का निराकरण किया।

इसके बाद दूसरे सैशन में श्री विपिन आनंद ने फ्री में आय कर रिटर्न कैसे फाइल किया जा सकता है और क्या-क्या दस्तावेज हमारे पास होने चाहिए, समय सीमा कितनी होती है, किस समय सीमा में आय कर रिटर्न फाइल किया जा सकता है, इस बारे में बहुत-सी महत्वपूर्ण जानकारियां दी, कई श्रोताओं ने प्रश्न भी पूछे, श्रोताओं द्वारा उनकी जिज्ञासा और प्रश्नों का उत्तर देते हुए सी.ए. श्रीमती कौशल प्रजापति एवं श्री विपिन आनंद ने कुछ सदस्यों/पाठकों और स्टाफ के आई टी आर रिटर्न भरवाए।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. लोकेश शर्मा, महानिदेशक ने सभी का आभार व्यक्त किया और अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। सभी श्रोताओं ने दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी के इस प्रयास की बहुत सराहना की और भविष्य में इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के सामने, दिल्ली-110006
Dr. Shyama Prasad Mukherjee Marg, Opp. Old Delhi Railway Station, Delhi-110006
Ph: 23991373, 23951118, 23951116, 23979297, 25992315
Website: www.dpl.gov.in; Email: delhipubliclibrary@gmail.com; dpl@dpl.gov.in

दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी
(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार का संगठन,)
DELHI PUBLIC LIBRARY
(Ministry of Culture, Govt. of India Organization)

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के सामने, दिल्ली-110006
Dr. Shyama Prasad Mukherjee Marg, Opp. Old Delhi Railway Station, Delhi-110006
Ph: 23991373, 23951118, 23951116, 23979297, 25992315
Website: www.dpl.gov.in; Email: delhipubliclibrary@gmail.com; dpl@dpl.gov.in

# दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी
(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार का संगठन,)
## DELHI PUBLIC LIBRARY
(Ministry of Culture, Govt. of India Organization)

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के सामने, दिल्ली-110006
Dr. Shyama Prasad Mukherjee Marg, Opp. Old Delhi Railway Station, Delhi-110006
Ph: 23991373, 23951118, 23951116, 23979297, 25992315
Website: www.dpl.gov.in; Email: delhipubliclibrary@gmail.com; dpl@dpl.gov.in



e-Filing Anywhere Anytime
Dashboard
My Account
e-File
e-Proceeding
e-Nivaran
Compliance
Worklist
Profile Settings
ncome Tax Return
PAN *
Assessment Year *
2018-19
ITR Form Name *
ITR-1
Submission Mode *
Select
Upload XML
Prepare and Submit Online
Continue
Note :